## महत्वपूर्ण एवं खास

### बनिया में हाथियों ने उत्पात मचाते तोड़े मकान

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में मौजूद हाथियों के दल में से 14 हाथी बीती रात अलग होकर पसान रेंज के ग्राम बनिया में पहुंच गए और यहां पहुंचते ही भारी उत्पात मचाना शुरू कर दिया। उत्पात के दौरान हाथियों ने अरूण कुमार नामक एक ग्रामीण के मकान को निशाना बनाते हुए ध्वस्त कर दिया। ग्रामीणों द्वारा बड़ी संख्या में हाथियों के गांव आने तथा उत्पात मचाए जाने की सूचना दिए जाने पर रेंजर धर्मेंद्र चौहान रात्रि में ही मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से हाथियों को खदेड़ने की कार्यवाही की। खदेड़े जाने पर हाथियों ने जंगल का रूख कियाए तब ग्रामीणों ने राहत महसूस की।

### सामान्य सभा के पहले विपक्ष का हंगामा: भजन कीर्तन कर महापौर की सद्बुद्धि हेतु भगवान से की प्रार्थना

**कोरबा।** नगर निगम की सामान्य सभा प्रारंभ होने से पहले विपक्ष ने नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सभागृह के मुख्य द्वार पर भाजपा पार्षदों ने ढोल मंजीरो के साथ भजन कीर्तन करते हुए भगवान से शहर के विकास के लिए और महापौर की सद्बुद्धि के लिए भगवान से प्रार्थना की। साथ ही 2 वर्षो से शहर की जनता को लॉलीपॉप दिया जा रहा है, वो लॉलीपॉप महापौर को वापस किया गया। सामान्य सभा में सत्र 2021-22 का बजट प्रस्तुत करने के साथ ही विभिन्न विकास पर मुद्दों को स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। पिछले कई बजट के दौरान इस तरह की तस्वीरें पेश आई हैं।

### 5 किलो व 2 किलो वजनी आईईडी बरामद

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के अरलमपल्ली के कण्टीपारा के मार्ग में नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों के जवानों को नुकसान पहुचाने के इरादे से लगाए गए दो आईईडी बम 05 किलो एवं 02 किलो वजनी को बरामद कर मौके पर ही बीडीएस की टीम ने निष्क्रिय कर दिया है। सुकमा एसपी सुनिल शर्मा ने बताया कि मुखबीर से मिली सूचना पर सीआरपीएफ 74 वाहिनी एवं जिला बल के जवानों एवं बीडीएस की टीम को मौके के लिए रवाना किया गया था। इलाके की सर्चिंग में दो आईईडी बम 05 किलो एवं 02 किलो का बरामद कर मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया।

### भूसा भरकर जा रहे वाहन अनियंत्रित होकर पलटा ,एक की मौत चार घायल

**धमतरी (आरएनएस)।** केरेगांव थाना इलाके के कुमडा मोड़ के पास सडक़ हादसे में एक की मौत हो गयी वहीँ चार लोग गंभीर रूप से घयाल हो गए...जानकारी के मुताबिक आइसर वाहन क्रमांक सीजी 08 एल 2476 नगरी क्षेत्र के परसापानी से भूसा भरकर गुंडरदेही जा रहा तभी धमतरी से नगरी स्टेट हाइवे मुख्य मार्ग पर ग्राम कुमडा मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई और पेड़ और खंभे से जा टकराया ...इस हादसे में एक की मौत हो गयी वहीँ चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए... जिन्हें पुलिस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया गया... घटना की सूचना मिलते ही केरेगांव पुलिस मौके पर पहुँचकर आगे की कार्रवाई कर रही है...

### पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े के पुत्र का निधन

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व खेल मंत्री भैयालाल राजवाड़े के पुत्र विजय राजवाड़े का निधन हो गया है। बता दें कि विजय राजवाड़े लीवर की बीमारी से जूझ रहे थे। जिन्होंने आज इलाज के दौरान राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल में सांस ली। उनके निधन की खबर से हर कोई स्तब्ध है और कोरिया जिला में शोक की लहर है। भैया लाल राजवाड़े के पुत्र विजय राजवाड़े जिला पंचायत सदस्य थे। बताया जा रहा है उनके लीवर में समस्या होने के कारण उन्हें रायपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनका 3 दिन से इलाज चल रहा था वह इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

# मुख्यमंत्री द्वारा किसानों, पशुपालकों, भूमिहीन कृषि मजदूरों, महिला समूहों और तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को जारी की राशि

- रायगढ़ जिले में किसानों को चौथी किश्त के रूप 59 करोड़ 41 लाख रूपए का भुगतान
- 40 हजार 334 ग्रामीण भूमिहीन मजदूर परिवारों को मिली योजना की राशि
- रायगढ़ के सभी नगरीय निकायों में मोबाईल मेडिकल यूनिट से चलेगी शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार गांवों और शहरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, वंचितों को न्याय दिलाने, छत्तीसगढ़ के लोगों को सम्पन्न, सक्षम और स्वावलंबी बनाने और उनके कौशल को निखार कर उद्यमी बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। वास्तव में छत्तीसगढ़ सरकार की यही रणनीति छत्तीसगढ़ के विकास का मॉडल है, जिसकी आज पूरे देश में चर्चा हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के चौथे किश्त की राशि किसानों के खाते में अंतरित की। रायगढ़ जिले के 01 लाख 01 हजार 72 किसानों के खाते में 59 करोड़ 41 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया गया। इस प्रकार चार किश्तों में जिले के किसानों को कुल 320 करोड़ 10 लाख रुपये की राशि का भुगतान हुआ है। इस योजना से पूरे प्रदेश के 20 लाख 58 हजार किसानों के खातों में चौथी किश्त के रूप में 1029 करोड़ 31 लाख रूपए की राशि उनके बैंक खातों में अंतरित किए। गौरतलब है कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिए राज्य सरकार द्वारा किसानों के खातों में बीते दो वर्षों में 11 हजार 180 करोड़ 97 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। ग्रामीण भूमिहीन परिवारों को आर्थिक सम्बल एवं न्याय देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत 3 लाख 55 हजार भूमिहीन परिवारों के बैंक खाते में भी मुख्यमंत्री ने 71 करोड़ 8 लाख रुपये की राशि दूसरी किश्त के रूप में जारी की। जिसके तहत रायगढ़ जिले के 40 हजार 434 किसानों को राशि का भुगतान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुराजी गांव योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और गोधन न्याय योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था और समाज के एक बड़े हिस्से को आर्थिक रूप से मजबूत करने में मददगार साबित हो रही है। राज्य में ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को सांसद राहुल गांधी के मार्गदर्शन में अब 7 हजार रूपए की वार्षिक मदद देने का प्रावधान किया गया है। गोधन न्याय योजना के तहत पशुपालकों को 21 लाख 50 हजार रुपये का भुगतान किया गया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मौके पर प्रदेश में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का विस्तार भी किया। राज्य में यह योजना नगर निगमों के बाद अब नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में लागू हो गई है। लोगों को घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री बघेल ने 60 नवीन मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झण्डी दिखाकर नगरीय निकायों के लिए रवाना किया। जिसके तहत रायगढ़ जिले के सभी नगरीय निकायों में 4 क्लस्टरों में बांटकर मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का संचालन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम के दौरान राज्य के सभी नगर निगम के महापौर, सभापति, नगर पालिका के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा सभी पार्षदों का मानदेय तथा वित्तीय शक्ति को बढ़ाकर दोगुना किए जाने की घोषणा के साथ ही महापौर, अध्यक्ष और पार्षद निधि की राशि को बढ़ाकर डेढ़ गुना किए जाने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के सभी नगरीय निकायों में अधोसंरचना विकास एवं जनसुविधा के कार्यों के लिए 579 करोड़ रूपए दिए जाने की घोषणा की, जिसके तहत नगर निगमों को 10-10 करोड़, नगर पालिकाओं को 5-5 करोड़ तथा नगर पचायतों को 3-3 करोड़ रूपए विकास कार्यों के लिए मिलेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत ने की। पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया, कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ.शिव कुमार डहरिया, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री टी.एस.सिंहदेव कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल हुए और अंत में सभी का आभार जताया।

## मुख्यमंत्री आज देंगे सक्ती को 226 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक अप्रैल को जांजगीर-चांपा जिले के सक्ती विधानसभा क्षेत्र को 226 करोड़ 26 लाख 90 हजार रुपए के 30 विभिन्न कार्यों की सौगात देंगे। इनमें 13 करोड़ 67 लाख 80 हजार रुपए 11 विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और 212 करोड़ 59 लाख रुपए की लागत के 19 कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास के कार्य शामिल हैं।




मुख्यमंत्री सक्ती में जिन कार्यों का लोकार्पण करेंगे उनमें 10.79 करोड़ की लागत से निर्मित 4 सडक़ों का लोकार्पण करेंगे। इनमें 2.53 करोड़ रुपए की लागत से मरकामगोढी से खुशउडेरा अमलीडीह पहुंच मार्ग, 2.22 करोड़ रूपए की लगात से ग्राम बघौदा से सुखरीकला तक मार्ग, 2.50 करोड रुपए की लागत से ग्राम कड़ारी से गत्वा मार्ग और 3.54 लाख रूपए की लागत से संजयग्राम से बस्ती बाराद्वार मार्ग शामिल है। इसके अलावा 20 लाख रूपए की लागत से शासकीय चिकित्सालय भवन सक्ती में ऑक्सीजन प्लांट के लिए शेड निर्माण, ग्राम गडग़ोड़ी में 30 लाख रूपए की लागत से 2 यूनिट वर्क शेड स्ट्रांग रूम, 2 करोड़ 5 लाख 70 हजार रूपए की लागत से दारंग एनीकट का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा बम्हनीडीह के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक बाराद्वार में 7 लाख रूपए की लागत से कला एवं संस्कृति कक्ष निर्माण, 7.6 लाख रूपए की लागत से प्रयोगशाला कक्ष निर्माण, 9 लाख रूपए की लागत से पुस्तकालय कक्ष निर्माण और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीडीएम सारागांव में 7 लाख रूपए की लागत से कम्प्यूटर कक्ष निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे।

मुख्यमंत्री जिन कार्यों का भूमिपूजन करेंगे उनमें जल आवर्धन योजना लागत 101 करोड़, 52 लाख रुपए, जल जीवन मिशन अंतर्गत 96 करोड़ 74 लाख रूपए के लागत से ग्रामीण जल प्रदाय योजना इसी प्रकार 11 करोड़ रूपए की लागत से मल्दी सुवाडेरा (व्हाया नंदौरकला) अचानकपुर मार्ग, ग्राम बुकुरामुंडा बस्ती से धनपुर जर्वे मार्ग तक, बैलाचूहा से जगदल्ली, सीसी सडक़ ग्राम धनपुर से ग्राम गुढ़वा तक ग्राम टेमर में सीसी सडक़ सह नाली निर्माण का भूमिपूजन शामिल है। इन सभी स्थापनों के लिए 78-78 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही नगर पालिका सक्ती में 20 लाख रूपए की लागत से चंद्रा (चन्द्रानाहू) सामाजिक भवन का भूमिपूजन शामिल है।

## बस्तर में गर्मी का पारा 40 डिग्री सेल्सियस पंहुचा

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर संभाग सहित जिलेभर में गर्मी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है, आज सुबह से ही सूरज निकलने के साथ ही तपिश बनी हुई है, बस्तर में गर्मी का पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पंहुच गया है, इसी के साथ चल रही गर्म हवा लोगों की मुश्किल बढ़ा रही है। बस्तर के मौसम में भी बड़ा बदलाव देखा जा रहा है, पहले गर्मी का पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पंहुचने पर यहां बारिश हो जाती थी, लेकिन अब ऐसा नही होने पर इस वर्ष गर्मी का पारा 40 डिग्री सेल्सियस से आगे जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। बस्तर संभाग के दक्षिण बस्तर के सुकमा कोंटा में जहां सबसे अधिक गर्मी पड़ती है, वहां पर दिन चढऩे के साथ तेज गर्मी, गर्म हवा के चलते लोग जरुरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे। गर्मी के चलते पंखें गर्म हवा फेंक रहे हैं, वातावरण में उमस के कारण कूलर की हवा भी राहत नहीं दे रही है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को 38 डिग्री के मुकाबले बुधवार को अधिकतम तापमान दो डिग्री बढक़र 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में आने वाले दिनों में अधिक बढऩे की संभावना है। इधर लगातार बढ़ रही गर्मी की वजह से लोग पंखें और कुलर की खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में गर्मी के सीजन में इसकी मांग बढ़ जाती है, दुकानों के बाहर छोटे बड़े सभी प्रकार के कुलर की खरीदारी हो रही है।

## शराब दुकान को हटाने के लिए प्रदर्शन जारी

**कोरबा।** पथर्रीपारा और ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में चल रही शराब दुकान को हटाने के लिए प्रदर्शन जारी है। इसे हटाने के साथ-साथ बंद करने की मांग की जा रही है। नतीजा यह है कि जो लोग यहां पर नहीं पहुंच पा रहे हैं उनकी उपस्थिति दूसरी दुकानों पर दर्ज हो रही है और वहां दबाव बढ़ता जा रहा है।



मुड़ापार, राताखार, निहारिका और बालकोनगर क्षेत्र की दुकानों में शराब की बिक्री इन कारणों से हाल के दिनों में अचानक बढ़ गई। पहले औसत बिक्री होती थी। नए कारणों से यहां ग्राहकों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने की बात की जा रही है। आबकारी विभाग के नियंत्रण में प्लेसमेंट एजेंसी के कर्मचारियों के द्वारा दुकानें चलाई जा रही है। आये दिन मारपीट और कई प्रकार की घटनाओं को लेकर पथर्रीपारा में महिलाओं और नागरिक धरना दे रहे हैं। वहीं ट्रांसपोर्ट नगर में सिख समाज के द्वारा बुधवार से धरना शुरू किया गया। दुकान के सामने प्रदर्शन करने का परिणाम यह हुआ कि इच्छुक लोग यहां आने की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में कर्मचारियों को यहां से जाना पड़ा। इन स्थानों पर पुलिस और आबकारी अमले के आने के बाद भी स्थिति जस की तस रही।

## खाकी के रंग स्कूल के संग, कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम खोडडल सरगबुंदिया शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंची पुलिस

- कानूनी जानकारी, यातायात, साइबर क्राइम, गुड टच बैड टच एवं आत्मरक्षा संबंधी सिखाए गुर

**कोरबा।** विद्यार्थियों को पुलिस के साथ जोडक़र देश सेवा का भाव जगाने, समाज और व्यवस्था के प्रति जिम्मेदारी के साथ आदर्श व्यक्ति और आदर्श समाज बनाने के साथ-साथ पुलिस के साथ मित्रवत संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के द्वारा खाकी के रंग स्कूल के संग कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पुलिस के अधिकारी/ कर्मचारी जिले के स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को सामान्य कानून की जानकारी, यातायात के नियम, सायबर ठगी,सोशल मीडिया के उपयोग करते समय सतर्क रहने,बाल विवाह,गुड टच बेड टच,घरेलू हिंसा,पॉक्सो एक्ट सहित संकटकालीन परिस्थितियों में आत्मरक्षा के तरीके सिखाए जा रहे हैं।



30 मार्च 2022 को पुलिस अधीक्षक 'श्री भोजराम पटेल' के निर्देशानुसार पुलिस की टीम द्वारा ग्राम खोडडल, सरगबुंदिया जिला कोरबा के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा आयोजित एनएसएस कैंप के छठवें दिवस में 'खाकी के रंग स्कूल के संग' कार्यक्रम के तहत वहां उपस्थित विद्यार्थियों, अध्यापकगण एवं ग्राम वासियों को महिला सुरक्षा संबंधी कानून, अधिनियम धारा, साइबर क्राइम, अभिव्यक्ति ऐप, सेल्फ डिफेंस, गुड टच बैड टच व बच्चों को कैरियर काउंसलिंग संबंधी जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में निरीण् गायत्री शर्मा, मेण् आर् स्मिता बेक, प्रतिभा राय, रेहाना फातिमा, आर राकेश जांगड़े का विशेष योगदान रहा।

## कलेक्टर साहू ने बरपाली में ग्राम पंचायत और प्राथमिक शाला का भी किया निरीक्षण, बच्चों को बांटी चॉकलेट

**कोरबा।** कलेक्टर रानू साहू ने बरपाली में ग्राम पंचायत भवन, शासकीय प्राथमिक शाला, राजस्व निरीक्षक और पटवारी कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने इस दौरान पंचायत भवन में आए हुए ग्रामीणों से भी बात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने पंचायत भवन में प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत किए जा रहे ई केवायसी कार्य का अवलोकन किया। साथ ही सभी पात्र किसानों के ई केवायसी समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारी कर्मचारियों को दिए। कलेक्टर साहू ने शासकीय प्राथमिक शाला बरपाली में जाकर स्कूली बच्चों से भी मुलाकात की। उन्होंने कक्षा पांचवी में जाकर बच्चों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली तथा मन लगाकर पढ़ाई करने और सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार कलेक्टर ने कक्षा दूसरी की छात्रा निधि गौतम से बात की और अच्छे पढ़ाई के लिए शाबाशी दी। कलेक्टर साहू ने इस दौरान स्कूली बच्चों को चॉकलेट का भी वितरण किया।



कलेक्टर साहू ने इस दौरान बरपाली में राजस्व निरीक्षक और पटवारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आरआई और पटवारी कार्यालयों में जाकर ग्रामीणो के आए हुए आवेदनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने समय सीमा में राजस्व प्रकरणों के निराकरण कर ऑनलाइन दुरुस्तीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व निरीक्षक कार्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और नस्तियों का व्यवस्थित संधारण करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने ग्रामीणों को बिना परेशानी के शासकीय सेवाओं का लाभ समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारी कर्मचारियों को दिए।

## आयुक्त ने कचरा फैलाने वाले टेंट हाउस संचालक व केटरर पर लगाया 7500 रू. का अर्थदण्ड

- गंदगी फैलाने प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल आदि का उपयोग करने वालों के प्रति आयुक्त का कड़ा रुख, की गई कार्यवाही, दी गई कड़ी हिदायत

**कोरबा।** आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने गंदगी व कचरा फैलाने वालों के प्रति कड़ा रूख अख्तियार करते हुए आज मौके पर ही संबंधित टेंट हाउस संचालक व केटरर पर 7500 रूपये का अर्थदण्ड लगाया, वहीं गौमाता चौक के पास निजी वाहन द्वारा कचरा ले जाकर डम्प किए जाने पर संबंधित पर 4000 रूपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं आयुक्त पाण्डेय ने आज शहर के आधा दर्जन वार्डो का दौरा किया, इस दौरान साफ-सफाई व्यवस्था तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो का निरीक्षण किया व व्यवस्थाओं की बेहतरी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 25 में मिनीमाता गल्स कालेज के पीछे स्थित सामुदायिक भवन में शादी विवाह का आयोजन किया गया था, संबंधित टेंट हाउस संचालक द्वारा स्वच्छता व साफ-सफाई के प्रति गंभीर लापरवाही बरतते हुए स्थल पर काफी मात्रा में कचरा फैलाया गया था एवं कचरा प्रबंधन के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। आज आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय नगर भ्रमण के दौरान उक्त स्थल पर पहुंचे, उन्होने आयोजन स्थल पर काफी मात्रा में गदंगी व बिखरे हुए कचरे को देखकर गहरी नाराजगी जाहिर की तथा मौके पर ही कार्यवाही करते हुए संबंधित टेंट हाउस संचालक पर 5000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया। इसी प्रकार उक्त आयोजन में केटरिंग व्यवस्था की जिम्मेदार संभालने वाले केटरर द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक से निर्मित प्लेट, डिस्पोजल आदि का उपयोग किया जा रहा था, उसके विरूद्ध भी कार्यवाही हुई तथा मौके पर ही संबंधित केटरर पर 2500 रूपये का जुर्माना लगाया गया। इन्हें कड़ी हिदायत दी गई कि वे कार्यक्रम आयोजन आदि के दौरान अपशिष्ट प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें, अन्यथा कचरा व गदंगी फैलाने पर और अधिक कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

गौमाता चौक पर कचरे की डम्पिंग, लगा अर्थदण्ड - शादी विवाह आदि आयोजन के दौरान उत्सर्जित अपशिष्ट को निजी वाहन द्वारा परिवहन कर गौमाता चौक के समीप उक्त कचरे को डम्प किया जा रहा था। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर उस पर कार्यवाही की तथा संबंधित पर 4000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया, साथ ही उक्त अपशिष्ट के प्रबंधन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की।

आयुक्त ने किया आधा दर्जन वार्डो का दौरा-आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने शहर के आधा दर्जन से अधिक वार्डो का अधिकारियों की टीम के साथ औचक निरीक्षण किया। उन्होने वार्ड क्र. 15, 16, 25, 29, 30, 31 आदि का भ्रमण करते हुए किए जा रहे साफ-सफाई कार्यो तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े अन्य कार्यो का निरीक्षण किया, सफाई व्यवस्था को देखा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.डी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU